

## एक नजर में

### समस्याओं को लेकर महिलाओं ने पार्षद को घेरा

**नरसिंहगढ़ 25 सितम्बर, सं.** शहर के वार्ड क्रमांक 13 में सड़क, नाली, लेंप आदि जनसमस्याओं को लेकर बुधवार को वार्ड की महिलाओं ने पार्षद दीपक शर्मा के घर का घेराव किया. वार्ड की समस्याऐं गिनाते हुए इन्हें सुचारू किए जाने की मांग की. महिलाओं ने जल्द समस्याओं का समाधान नही होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी है. महिलाओं का कहना है कि वह कई बार नपा जनप्रतिनिधि और अधिकारियो ने इन समस्याओं को दूर किए जाने की मांग कर चुकी है. इधर महिलाओं की शिकायत पर पार्षद ने वार्डवासियो के साथ मिलकर नपा के खिलाफ प्रदर्शन करने की बात कही है. उन्होने नपाध्यक्ष कविता लोकेन्द्र वर्मा पर भृष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए है.

### जीरापुर के भारत का स्टेट लेवल पर चयन



**जीरापुर 25 सितम्बर, सं.** जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम नईपुरिया(रामपुरिया) निवासी युवक का खेल रायल बांल चेम्पियन में मध्यप्रदेश टीम में चयन हुआ. उक्त खिलाड़ी जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी कालुसिंह तोमर का पुत्र है. खिलाड़ी भारतसिंह तोमर जो गांव का रहना है जो खेल में हमेशा अव्वल रहा है. रॉयल बॉल चैंपियनशिप 2025 में मध्यप्रदेश की टीम में सिलेक्शन हुआ है. भारत सिंह ने पूर्व में अनेकों खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर नेशनल स्तर तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. पूर्व में मध्य प्रदेश की टीम का कप्तान भी रहा है इस बार कर्नाटक में खेल रहा है.

### महिलाओं के सम्मान को लेकर गोष्ठी का आयोजन

**जीरापुर 25 सितम्बर, सं.** स्थानीय सीएम राइज स्कुल में पुलिस विभाग द्वारा में हूं अभिमन्यु अभियान के तहत समाज में व्याप्त लैंगिक असमानताओं को दूर करने, महिलाओं के सम्मान, रूढ़ीवादी परंपराओं को तोड़ते हुए उनकी सोच में आधुनिक समाज की आवश्यकता के अनुसार परिवर्तन के बारे में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया कि वर्तमान समय में दहेज, असंवेदनशीलता, भ्रूणहत्या, अशिक्षा, नशा इत्यादि से षुरूष वर्ग को दूर रहकर महिलाओं को उनका पुरा सम्मान दिया जाए.

### नरसिंहगढ़ में भजन संध्या, कन्या भोज

**नरसिंहगढ़ 24 सितम्बर, सं.** श्री शिवाय सेवा मंडल के तत्वाधान में आयोजित धार्मिक आयोजनों ने नगर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल बना दिया. डॉ. शिव जी चौक पर मंगलवार रात आयोजित विशाल भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक सतीश अग्रवाल और भोपाल की 'जलपरी' के नाम से प्रसिद्ध नर्मता कुशवाह ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. देर रात तक चले इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भजनों की धुन पर झूमते रहे. इसी क्रम में बुधवार को मंडल द्वारा आयोजित भव्य नगर कन्या भोज (द्वितीय वर्ष) का आयोजन भी बड़े धूमधाम से सम्पन्न हुआ. दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में नगर और आसपास से आई हजारों कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया. आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही और पूरे माहौल में धार्मिकता और उत्साह का संचार देखने को मिला. समिति सदस्यों ने दोनों आयोजनों की सफलता पर नगरवासियों का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और आस्था को मजबूत करते हैं.

# मां बीजासन को अर्पित किए 2100 पौधे

## प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप पहुंचे भैंसवा धाम, सेवा पखवाड़ा के तहत किया विशाल पौधारोपण

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर/राजगढ़ 25 सितम्बर, का.** नवरात्रि के पावन अवसर पर सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक दिन देखा. प्रदेश सरकार के लघु, मध्यम एवं सूक्ष्म उद्यम मंत्री और राजगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप यहां पहुंचे. स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने उनका आत्मीय स्वागत किया. दौरे की शुरुआत मंत्री कश्यप ने मां भैंसवा माता (मां बिजासन देवी) के दर्शन और पूजन से की. उन्होंने मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि, शांति और जनकल्याण की मंगलकामना की.

दौरे का दूसरा प्रमुख कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा- 2025 के अंतर्गत हुआ. यह आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती को समर्पित था. संगोष्ठी का विषय रहा जीवन परिचय, आत्मनिर्भर भारत एवं एकात्म मानववाद. मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री चैतन्य कश्यप, मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष पंकज जोशी, तथा सांसद रोडमल नागर मंचासीन रहे. मुख्य वक्ता पंकज जोशी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन, एकात्म मानववाद, केवल राजनीतिक विचारधारा नहीं, बल्कि भारत की आत्मा को समझने का प्रयास है. सांसद रोडमल नागर ने कहा आज हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार कर रहे हैं.



### 2100 पौधों का सामूहिक रोपण

मंदिर दर्शन के उपरांत मंत्री कश्यप नमो उपवन परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने (मां के नाम एक पौधा) अभियान के तहत पौधा लगाया. इस दौरान जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और स्कूली बच्चों ने मिलकर 2100 पौधों का सामूहिक रोपण किया. मंत्री कश्यप ने इस मौके पर कहा कि नवरात्रि का यह अवसर केवल धार्मिक आस्था का ही नहीं, बल्कि समाज और पर्यावरण के प्रति हमारे उत्तरदायित्व को निभाने का भी समय है. पौधरोपण भविष्य की पीढ़ियों के लिए जीवनदायी कदम है.



### स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के रास्ते पर भारत



संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप ने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को एक राष्ट्रीय संकल्प के रूप में स्वीकार किया है. आत्मनिर्भर भारत का अर्थ है, हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति हमारे ही संसाधनों, उद्यमों और कौशल से हो. यही उपाध्याय जी का 'एकात्म मानववाद' है, जहां व्यक्ति, समाज और राष्ट्र एक दूसरे से अलग नहीं बल्कि परस्पर जुड़े हुए हैं. उन्होंने कहा कि छोटे, मध्यम और सूक्ष्म उद्योग इस दिशा में रीढ़ की हड्डी की तरह कार्य कर रहे हैं. सरकार ऐसे उद्योगों को बढ़ावा देकर न केवल युवाओं को रोजगार दे रही है, बल्कि स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान भी दिला रही है. मंत्री गौतम टेटवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राजगढ़ जिले में विकास की गंगा बह रही है. उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचने और जन-जन को लाभान्वित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही हैं. उन्होंने मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना, लाड़ली बहना योजना, ई-स्कूटी योजना, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और मोहनपुरा-कुण्डालिया डेम परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए इन्हें किसानों और आमजन के लिए वरदान बताया. कार्यक्रम में महिला कार्यकर्ताओं, स्कूली बच्चों और युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही. वरिष्ठ नागरिकों ने इसे समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य योगदान करार दिया. सभा के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों और अतिथियों को माँ बिजासन देवी जी का चित्र दे कर सम्मानित किया. आयोजन में विधायक मोहन शर्मा, पूर्व विधायक हजारीलाल दांगी, वरिष्ठ नेता अमर सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे.



# डेरों पर दबिश में 250 लीटर अवैध शराब की जब्त

## आरोपी फरार, पुलिस ने प्रकरण दर्ज किए

**नवभारत न्यूज**
**नरसिंहगढ़ 25 सितम्बर, सं.** थाना क्षेत्र के ग्राम नई दिल्ली कंजर डेरा में पुलिस ने नशे के विरूद्ध बड़ी दबिश देते हुए अवैध शराब बड़ी मात्रा में जब्त की है. 04 आरोपियों पर कार्रवाई की है. कार्रवाई के दौरान ग्राम नई दिल्ली कंजर डेरा में दबिश देकर कुल 250 लीटर अवैध शराब जप्त की गई तथा कच्ची शराब बनाने में प्रयुक्त लगभग 1200 लीटर लहान नष्ट किया गया. जिसमें 170 लीटर देशी एवं अंग्रेजी शराब तथा 80 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई. थाना नरसिंहगढ़ में आबकारी एक्ट के तहत मामले दर्ज किए गए है. जिसमें आरोपी श्रीलाल पिता बलवान कंजर उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम नई दिल्ली कंजर डेरा छोटा बैरसिया थाना नरसिंहगढ़, अनिल पिता जालम कंजर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम नई दिल्ली कंजर डेरा छोटा बैरसिया थाना नरसिंहगढ़, मनीष सिंघी पिता बलवान कंजर निवासी ग्राम नई दिल्ली कंजर डेरा छोटा बैरसिया थाना नरसिंहगढ़, राहुल पिता भरतसिंह कंजर निवासी नई दिल्ली कंजर डेरा छोटा बैरसिया थाना नरसिंहगढ उक्त सभी आरोपी वर्तमान में फरार हैं, जिनकी शीघ्र ही गिरफ्तारी की जाएगी. यह संपूर्ण कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला के नेतृत्व में, थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान, थाना प्रभारी कुरावर निरीक्षक संगीता शर्मा, तथा थाना नरसिंहगढ़, कुरावर एवं मलावर की पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई.

# देश, धर्म के लिए सर्वस्व बलिदान किया महाराणा प्रताप ने



**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 25 सितंबर, का.** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने धर्म, संस्कृति और देश की रक्षा में अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया. महाराणा प्रताप के इस अतुलनीय बलिदान को यह देश हमेशा याद रखेगा. आज हम सभी को महाराणा प्रताप के पदचिन्हों पर चलकर देश, धर्म और संस्कृति की सेवा करना है.

उक्त बात गुरुवार को ब्यावरा स्थित राजगढ़ बायपास चौराहा पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा अनावरण समारोह में अतिथि वक्ताओं ने व्यक्त किए. कार्यक्रम के अतिथि जयर्वधन सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने धर्म, संस्कृति एवं देश के लिए अपना सर्वस्व बलिदान किया. राजपूत समाज में एकजुटता के साथ ही शिक्षा पर जोर दिया.

समारोह में अपना प्रभावी उद्बोधन देते हुए राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने महाराणा प्रताप स्थापना को गर्व का विषय बताया. श्री पंवार ने कहा कि राजपूत समाज का इस देश के लिए अभूतपूर्व योगदान, बलिदान रहा है. समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप के मातृभूमि के प्रति समर्पण, बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा. मंच पर श्री करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष शिवप्रताप सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राजपाल सिंह सिसौदिया, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, नरसिंहगढ़ के पूर्व विधायक राज्यवर्धन सिंह, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, पुरुषोत्तम दांगी, नपाध्यक्ष पवन कुशवाह सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

### छात्राओं को लेकर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**छापीहेड़ा 25 सितम्बर, सं.** स्वस्थ नारी, सबल भारत पहल एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छापीहेड़ा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया. शिविर में छात्राओं का नेत्र परीक्षण, हीमोग्लोबिन टेस्ट, ऊँचाई, वजन तथा सामान्य बीमारियों की जांच की गई. विशेषज्ञ चिकित्सकों ने छात्राओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी परामर्श दिया. स्वास्थ्य दल में डॉ. मोहित नागर (आरबीएसके एम.ओ.), डॉ. नफीस हकीमुद्दीन (एम.ओ.), आर.एन. त्यागी (नेत्र सहायक), श्रीमती माया शर्मा (सी.एच.ओ.), श्रीमती राधा सक्सेना (आरबीएसके ए.एन.एम.), श्रीमती सोरम दांगी एवं श्रीमती सुनीता दांगी (ए.एन.एम.) उपस्थित रहीं. नोडल शिक्षक ओम प्रकाश खटीक ने छात्राओं को संतुलित आहार के महत्व पर जानकारी दी. इस मौके पर शिक्षिका गायत्री अग्रवाल, पूजा सेठिया, प्रेक्षा चालीसगांवकर एवं मोनिका चौरसिया, प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने बच्चों को प्रेरित किया. विद्यालय परिवार एवं स्वास्थ्य विभाग की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.

# बिहारीजी के दरबार में बह रही भजनों की रसधारा

## प्राचीन परंपरा का निर्वहन, इस बार 183वां महोत्सव

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 25 सितंबर, का.** श्री बिहारीजी मंदिर धाम पर अखंड भजन कीर्तन सप्ताह महोत्सव में भजनों की रसधारा बह रही है. इस बार आयोजन का 183 वां वर्ष है. कल भव्य महाआरती का आयोजन होगा. विदित है कि अखंड रुप से सात दिन का यह महोत्सव न केवल भक्ति और श्रद्धा का प्रतीक है बल्कि यहां आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की मनोकामना पूर्ण होने का आशीष भी देता है. यह पर्व,आस्था, परंपरा और अध्यात्म का अद्वितीय संगम है.

27 सितंबर को रात्रि 8 बजे भव्य महाआरती का आयोजन होगा साथ ही छप्पन भोग के दर्शन होंगे. गौरवमयी अखण्ड भजन सप्ताहजी में सुमधुर भजन, आठ पहर की आरती, उत्सव, आनंद, परमानंद की आत्मानुभूति हो रही है. प्रतिदिन रात्रि 8 बजे महाआरती की जा रही है. नगर के इस अति प्राचीन धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है.



# ओवरलोडिंग कर रहे सवारी वाहनों के चालान काटे

## राजगढ़ में 86 हजार का चालान बनाया, 5 अक्टूबर तक जारी रहेगा विशेष प्रवर्तन अभियान

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 25 सितम्बर, का.** सड़क सुरक्षा और यात्री सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए परिवहन विभाग का विशेष प्रवर्तन अभियान जिले में पूरी सख्ती और प्रभावशीलता के साथ जारी है. गुरुवार को विभागीय अमले ने यात्री व मालवाहक वाहनों की गहन जांच करते हुए नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की. जांच में कई यात्री बसें क्षमता से अधिक सवारियों से भरी पाई गईं, वहीं कुछ मालवाहक वाहन ओवरलोड मिले. यह स्थिति न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यात्रियों और आमजन की जान को खतरे में डालने वाली है. इन गंभीर अनियमितताओं पर तुरंत कार्रवाई करते हुए विभागीय टीम ने मौके पर ही 45 हजार 100 तथा अन्य धाराओं में 41 हजार 5 सौ रूपए का चालान कर कुल 86 हजार 6 सौ की राशि वसूल की. विभाग ने स्पष्ट किया कि उसका उद्देश्य केवल दंडात्मक कार्यवाही करना नहीं, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित और व्यवस्थित परिवहन उपलब्ध कराना है.



# कोलकाता की दर्ज पर निकलेगा मां आशापुरी का ऐतिहासिक रथ

**नवभारत न्यूज**
**पडाना 25 सितम्बर, सं. 10 हजार की आबादी वाला ग्राम पडाना में विगत 50 वर्षो से केवल एक ही जगह घटस्थापना होती है. जिसे ग्रामीण बड़े ही भक्ति भाव व श्रद्धा के साथ मनाया जाता है. हालांकि मां के भक्त घर पर दीप कलश की स्थापना करते हैं.**

वही नगर के विभिन्न देवी मंदिरों पर विभिन्न प्रकार का धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम किया जा रहा है इसी कड़ी में नवमी का दिन खास होता है. जिसे ग्रामीण त्योहार के रूप में मानते इस दिन वर्षो से से चली आ रही परंपरा का निर्वाह करते ग्रामीण जन सहयोग एवं मां आशापुरी मित्र मंडल के तत्वाधान में नवमी की मध्य रात्रि को कोलकाता की तर्ज पर निकलने वाला ऐतिहासिक मां अंबे के रथ निकाला जाता है. जो अद्भुत व अलौकिक होता है जिसको लेकर नवमी के दिन 5 क्विंटल के विभिन्न रंगो एवं पुष्प से 125 मीटर की आकर्षक रंगोली के अलावा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते हैं. जिसे देखने के लिए शहरी व ग्रामीण अंचलों से मां के भक्त पड़ाना नगर पहुंचते हैं.



# पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह का इंकाइयों ने किया स्वागत



**नवभारत न्यूज**
**सुठालिया 25 सितम्बर, सं.** नव नियुक्त गुना जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह का गुरुवार को ब्यावरा से लटेरी जाते समय सुठालिया बस स्टैंड पर वरिष्ठ इंका नेता श्याम पालीवाल हांसरोद सरपंच धीरप सिंह सौंधिया पूर्व सरपंच पर्वत सिंह खनोटा पूर्व पार्षद दिनेश शिवहरे कैलाश मेहर बैनी सेन आदि ने फूल माला पहनाकर आतिशबाजी के साथ आत्मीय स्वागत किया. इस मौके पर वार्ड 7 के नागरिको ने श्री सिंह से कांग्रेस पार्षदों की शिकायत की कि कांग्रेस के पार्षद वार्ड 7 में लोधी मोहल्ला से वैष्णो देवी मंदिर तक सड़क निर्माण में अड़ंगा डाल रहे है. श्री सिंह ने तुरंत उन लोगों से कहा की नगर परिषद में अध्यक्ष सबसे पावरफुल होता है उनके पास पीआईसी है उन्हें सीएमओ से मिलकर शीघ्र सड़क बनवाना चाहिए. उल्लेखनीय की विगत 24 सितंबर बुधवार को नगर परिषद की बैठक तहसील कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें भाजपा के कुछ पार्षद अनुपस्थित होने पर कांग्रेस पार्षदों ने अध्यक्ष के वार्ड 7 में सड़क निर्माण के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया था. वहीं महाराजा गार्डन के यहां जयवर्धन सिंह का ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लोधी, नप उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह परमार, पं. उमेश मिश्रा, पार्षद दुल्ला शाह मालवीय, अखिलेश पालीवाल, मदनमोहन लोधी, पूर्व सरपंच रामसिंह गोलाखेड़ा, पूर्व सरपंच प्रेम सिंह सौंधिया, महेश गुर्जर, पार्षद प्रतिनिधि मोहसिन खान, हाजी अब्दुल गफ्फार खान आदि ने हार फूल मालाओं से स्वागत किया.

**रामलीला** — गणेश आदर्श रामलीला मंडल के रामलीला मंचन में भरत-कौशल्या संवाद

# भरत ने कौशल्या से कहा बिना राम के अयोध्या सूनी

**नवभारत न्यूज**
**जीरापुर 25 सितम्बर, सं.** 53 वर्षों से अंचल में संस्कृति की लौ को जीवित रखने वाली गणेश आदर्श रामलीला मण्डल द्वारा को रामलीला मंचन के दौरान भरत कौशल्या संवाद का प्रभावी चित्रण प्रस्तुत किया गया. ननिहाल से भरत, शत्रुघ्न की अयोध्या वापसी पर माता कौशल्या से भरत ने कहा कि है माता राम मेरे आदर्श हैं उनके वनवास में मेरी किसी भी तरह की सहमति नहीं है. यदि जरा भी मेरा दोष हो तो मुझे भगवान भी माफ़ नहीं करेंगे. तत्पश्चात गुरु वशिष्ठ कि आज्ञा से मंत्री एवं तीनों माताओं ने भरत को राजगद्दी संभालने को कहा लेकिन भरत ने कहा कि गुरूदेव आप ज्ञान के भण्डार है वेद आपकी हथेली पर है लेकिन राज पाट मेरे लिए ठीक नहीं आपने सुंदर उपदेश दिया. तभी गुरू वशिष्ठ ने राम को लेने जानें की तैयारी करने को कहा ओर वन की ओर चलें. भरत से निषाद राज की भेंट हुई, उसके बाद राम भरत का चित्रकूट पर मिलन हुआ. प्रसंगों में मुख्य पात्रों की भूमिका के अलावा भरद्वाज ऋषि- शानू जोशी, मंथरा - बापूलाल दांगी, कैकई- नन्दकिशोर, सुमित्रा - गोविन्द तिवारी, निषाद राज - चेतन कुम्हार, शुभम जोशी, गणपति - अजय दांगी, सरस्वती - रामेश्वर दांगी, भारत माता - शिवम दांती ने पात्र रोचक ढंग से निभाए.



### नरसिंहगढ़ में केबल पर लाइव दिखा राम-सीता विवाह



**नरसिंहगढ़ 25 सितम्बर, सं.** नगर में चल रही रामलीला के चौथे दिन मंगलवार रात को भगवान श्रीराम-जानकी का विवाह धूमधाम से सम्पन्न किया गया. गुरू विष्वामित्र के साथ राजा जनक के सीता स्वयंवर में पहुंचे भगवान श्रीराम ने षिवधनुष भंग कर स्वयंवर जीता. धनुष भंग होते ही भगवान परषुराम संवाद का भी स्थानीय कलाकारो से सुंदर चित्रण किया. इस दौरान नगर में भगवान श्रीराम की भव्य बारात भी निकाली गई. नगर के वैध परिवार द्वारा बारात की अगुवानी करते हुए स्वागत-सत्कार किया. वही धूमधाम से विवाह सम्पन्न कर सीता जी की पैर पुजाई और विदाई का भी मनोहर संवाद प्रस्तुत किया गया. उल्लेखनीय है कि नगर में चल रही दस दिवसीय रामलीला का स्थानीय कलाकार बखूबी मंचन कर रहे है. प्रतिदिन रामलीला देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है. नगर के केबल संचालक नितिन वर्मा द्वारा इसका लाइव प्रसारण भी किया जा रहा है.